मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-411
05/08/2023

# मुख्यमंत्री ने अल्प वर्षापात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की, किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

## मुख्य बिंदु :–

- अल्प वर्षापात वाले क्षेत्रों में कृषि कार्य हेतु कम से कम 16 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें।

- कृषि कार्य हेतु किसानों को डीजल अनुदान की राशि वितरण में और तेजी लायें।

पटना, 05 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में अल्प वर्षापात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की सप्ताहिक बैठक नियमित रूप से हो रही है। अल्प वर्षापात से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिये सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें कृषि कार्य में सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि अल्प वर्षापात वाले क्षेत्रों में कृषि कार्य हेतु कम से कम 16 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य हेतु किसानों को डीजल अनुदान की राशि वितरण में और तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि किसानों को पटवन में सहूलियत हो सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। सभी चापाकल फंक्शनल रहे और नये चापाकल लगाने का कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी संबद्ध विभाग पूरी तरह अलर्ट रहे और स्थिति पर नजर बनाये रखें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पथ, स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, कृषि विभाग के निदेशक श्री आलोक रंजन घोष, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री महेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

******